# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495009

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 427 / स्था.प्रशा. / 2024 बिलासपुर, दिनांक 20/05/2024

प्रति,

01/. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
एवं विभागीय अधिकारी / कक्ष अधिकारी

02/. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विषयः–** **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के छ0ग0 में आगामी शैक्षणिक सत्र में क्रियान्वयन हेतु संवेदीकरण कार्यशाला के आयोजन बाबत्।**

संदर्भः– अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक 521 / 187 / आउशि / गु.प्र. / 2024, दिनांक 20.05.2024

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के छ0ग0 में आगामी शैक्षणिक सत्र 2024–25 से क्रियान्वयन हेतु संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 30.05.2024, दिन–गुरुवार को नवीन अकादमिक–सह–प्रशासनिक भवन, कोनी, के सभागार में निम्नानुसार आयोजित होना हैः–

**प्रथम सत्र – (शासकीय महाविद्यालय) समय पूर्वाह्न 10.30 बजे से 01.30 बजे**

**द्वितीय सत्र –(निजी महाविद्यालय) समय अपराह्न 02.30 बजे से 05.30 बजे**

उपर्युक्त तिथि को आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक एवं प्रवेश प्रभारी अधिकारी / कर्मचारी के साथ समयपूर्व उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।

कुलसचिव

पृ0 क्रमांक / 428 / स्था.प्रशा. / 2024 बिलासपुर, दिनांक 20/05/2024

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति महोदय के निज सहायक को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लाक–03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) को संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में सूचनार्थ प्रेषित।
3. अपर संचालक, उच्च शिक्षा (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. संयोजक एवं सदस्य, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ" की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. डॉ. जी. ए. धनश्याम, प्राध्यापक, स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर / डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. सभागार प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. वेबसाईट पर अपलोड़ हेतु।

उप कुलसचिव (प्रशासन)

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

**ब्लॉक –3, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

Email- slqaccg@gmail.com; Website- highereducation.cg.gov.in

**क्र0 521/187/आउशि/गु.प्र./2024** **नवा रायपुर दिनांक 20/05/2024**

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त राजकीय विश्वविद्यालय,
छत्तीसगढ़

**विषय :–** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के छ0ग0 में आगामी शैक्षणिक सत्र में क्रियान्वयन हेतु संवेदीकरण कार्यशाला के आयोजन बाबत्।

**संदर्भ :–** 1. उच्च शिक्षा विभाग छ0ग0 शासन का आदेश क्रमांक एफ 3–32/2019/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 15.03.2024

2. कार्यालयीन पत्र कं. 513/187/आउशि/गु.प्र./2024 दिनांक 10.05.2024

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित आदेशानुसार उल्लेख है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 से चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू किया जाना है, जिसके समुचित संचालन हेतु महाविद्यालय के शिक्षकों एवं प्रवेश प्रक्रिया में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से पूर्णतः अवगत कराया जाना आवश्यक है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालयवार संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन माह जून 2024 के प्रथम सप्ताह तक सम्पन्न कराया जाना है, जिसमें आपके विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (शासकीय एवं निजी) को सम्मिलित होना अनिवार्य है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ" का गठन प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में किया जा चुका है, जो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को लागू करने सम्बन्धित दायित्वों का निर्वहन करेंगे। विश्वविद्यालय अनिवार्यतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ NEP क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक एवं प्रवेश प्रभारी अधिकारी/कर्मचारी को आमंत्रित करते हुए निर्धारित तिथि में संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित करना सुनिश्चित करें। समुचित आयोजन के दृष्टिगत प्रति महाविद्यालय से उपरोक्तानुसार मात्र तीन प्रतिभागी को सम्मिलित होना निर्धारित करें तथा कुल प्रतिभागीयों की संख्या अधिक होने की स्थिति में सुविधानुकूल कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित कर सकते हैं।

उपरोक्तानुसार कार्यशाला आयोजन हेतु प्रस्तावित तिथियां निम्नानुसार है –

| क्र | विश्वविद्यालय | प्रस्तावित तिथि | दो सत्र में आयोजन |
|---|---|---|---|
| 1 | शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर | 27/05/2024 | *प्रथम सत्र (शासकीय महाविद्यालय) – 10.30 से 01.30* |
| 2 | संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर | 29/05/2024 | |
| 3 | अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर | 30/05/2024 | |
| 4 | पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर | 31/05/2024 | |
| 5 | हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग | 01/06/2024 | *द्वितीय सत्र (निजी महाविद्यालय) – 02.30 से 05.30* |
| 6 | शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ | 03/06/2024 | |

आपके द्वारा आयोजित कार्यशाला में स्रोत्र व्यक्ति के रूप में डॉ. जी. ए. घनश्याम, प्राध्यापक, स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर एवं डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय उपस्थित रहेंगे। उनके आवास एवं यात्रा का व्यय सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा।

क्रमशः ..........2..........

कृपया समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों से तीन सदस्यो की उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करते हुए विश्वविद्यालयीन स्तर पर कार्यशाला आयोजन हेतु पत्र यथाशीघ्र प्रेषित करें। कार्यशाला में किसी संस्था/सदस्य के अनुपस्थित होने की दशा में इस कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें।
**(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

20.5.2024

**अपर संचालक**
**उच्च शिक्षा संचालनालय**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

**पृ. क्र0 522/187/आउशि/गु.प्र./2024** **नवा रायपुर दिनांक 20/05/2024**

**प्रतिलिपिः—**

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, को सूचनार्थ।
2. डॉ. जी. ए. घनश्याम, प्राध्यापक, स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, बिलासपुर को पालनार्थ।
3. डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक, शासकीय ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर को पालनार्थ।
4. क्षेत्रीय अपर संचालक, ............................................ संभाग को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त शासकीय एवं निजी महाविद्यालय, कृपया महाविद्यालय के प्रस्तावित सदस्यों की संवेदीकरण कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

20.5.2024

**अपर संचालक**
**उच्च शिक्षा संचालनालय**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**